पुरस्कार से
सम्मानित

# निशीथ

## एवं अन्य कविताएँ

उमाशंकर जोशी

# निशीथ

## एवं
## अन्य कविताएँ

मूलकृति

उमाशंकर जोशी

रूपान्तर

रघुवीर चौधरी

भोलाभाई पटेल

भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन

राष्ट्र भारती
लोकोदय ग्रन्थमाला : ग्रन्थांक 273

निशीथ एवं अन्य कविताएँ
(कविता-संग्रह)
उमाशंकर जोशी

प्रकाशक
भारतीय ज्ञानपीठ
18, इंस्टीट्यूशनल एरिया,
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

मुद्रक
शकुन आफसेट
नवीन शाहदरा, दिल्ली-110032

NISHEETH EVAM ANYA KAVITAYEN (Poems) by Umashankar Joshi. Published by Bharatiya Jnanpith, 18, Institutional Area, Lodhi Road, New Delhi-110003 & Printed by Shakun Offset, Naveen Shahdara, Delhi-110032.

दिवंगत

ज्योत्स्ना

को

हृदयगत द्युतिस्पर्श से ही
अब जीना है

तुं मानवोनी मनोमृत्तिकामां
स्वप्नो केरां बावलो बी अनेरां.

# प्रस्तुति

[प्रथम सस्करण से]

भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रवर्तित माहित्य-पुरम्कार से मम्मानित गुजराती काव्यकृति 'निशीथ' हिन्दी रूपान्तरण के माध्यम से कृतिकार श्री उमाशकर जोशी के कृतित्व का समुचित परिचय दे मके, इम दृष्टिसे प्रस्तुत सकलन 'निशीथ एवं अन्य कविताएँ' शीर्षक से हिन्दी के पाठको को समर्पित करते हुए हमे विशेष प्रसन्नता हो रही है।

२० दिसम्बर १९६८ को दिल्ली के विज्ञान-भवन मे आयोजित पुरस्कार समर्पण समारोह के कार्यक्रम का विशिष्ट अग है, इस कृति का ग्रन्थिविमोचन। १९६६ के समारोह के अवसर पर महाकवि जी. शंकर कुरुप की मलायालम काव्यकृति 'ओटक्कुषल' का हिन्दी अनुवाद विमोचित हुआ था और १९६७ के समारोह मे श्री ताराशकर वन्द्योपाध्याय के पुरस्कृत बगला उपन्यास 'गणदेवता' का। ये प्रकाशन जहाँ हमें भारतीय साहित्य के मानदड का, उसकी सर्वोच्च उपलब्धि का, परिचय देते है वहाँ हमे इस बात की भी प्रतीति देते है कि भारतीय साहित्य परिकल्पना मे, प्रभावो की प्रतिक्रिया मे, विषय-वस्तु मे, रसानुभूति में, और यहाँ तक कि, सास्कृतिक-अभिव्यक्ति की वाहक शब्द-सपदा में समग्र रूप से संपृक्त है। भाषाएं विभाजित नही करती, इन तत्त्वो के माध्यम से एक दूसरे को जोड़ती है।

गुजराती में 'निशीथ' का प्रकाशन-वर्ष १९३९ है, किन्तु इस संग्रह की कविताओ का सृजन-काल १९३० से प्रारम्भ होता है। इस युग के राष्ट्रीय चिन्तन ने, अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओ की प्रतिक्रिया ने देशकी मनीषा को जिस रूपमें और जिन आयामों में प्रभावित किया है, उसका मार्मिक प्रतिफलन इन कविताओ मे मुखरित हुआ है। इस हिन्दी-सस्करण मे एक पृथक् खड कुछ पूर्व और परवर्ती कविताओं के मकलन का है, ताकि कवि की काव्य-प्रतिभा, शिल्प-विधान, विषयगत वैविध्य और एक ही भाव की बहुरूपी व्यजना का परिचय प्राप्त हो सके।

सन् १९३१ में लिखी 'विश्वशान्ति' कविता की केन्द्रीय कवि-दृष्टि, कि शान्ति केवल अहिंसा के मार्ग से प्राप्त हो सकती है, 'निशीथ' में अधिक स्पष्टता के साथ परिभाषित हुई है।

श्री उमाशंकर की भाव-चेतना बाह्य जगत से रूपायित होती है और वह

समकालीन स्थिति-बोध से अन्तःसंपृक्त है। आदर्श और यथार्थ के बीच अद्भुत रूप से सन्तुलित उनका काव्य, परम्परागत गीतात्मकता और निरी आशावादिता की सीमा से ऊपर उठकर मानव-वेदना के उदात्त शिखरों पर आरोहण करता है। यद्यपि उनके काव्य का मूल उत्स हमारी परम्परा में परिनिष्ठित है और यह उनके मूल्यों से समृद्ध है, किन्तु सर्जनात्मक और समीक्षात्मक प्रज्ञा के अद्भुत तादात्म्य के कारण यह वास्तविक अर्थों में आधुनिक है।

प्रो० विष्णुप्रसाद त्रिवेदी के शब्दों में 'सुकुमार हृदय, तेजस्वी बुद्धि, समर्थ कल्पना उच्चस्तरीय चिन्तन और समृद्ध व्यक्तित्व का परिचय 'निशीथ' में व्यक्त है।'

'निशीथ में संकलित कवि की एक विशिष्ट रचना है, 'आत्मानां खंडेर'। यह १७ चतुष्पदियों की एक शृंखलित इकाई है, जो इस संग्रह की सर्वोत्तम रचना भी है। इसमें कवि ने एक ऐसे युवक की शोक-करुण अनुभूति को वाणी दी है जो विश्वविजय की साध लेकर आया, पर उसके खंडहर देखने को बाध्य होता है। कविता की अन्तिम पंक्तियाँ उमाशकर की सबसे सुन्दर पंक्तियाँ हैं; शायद गुजराती भाषा की सबसे सुन्दर पंक्तियों में से :

"असुख नहीं दमते मुझे, जितने कि वितथ सौख्य चुभते,
नहीं रुचते सुख, जैसे रुचते समझ में उतरे दुःख,
यथार्थ ही सुपथ्य एक, समझते रहना होगा जो शक्य,
अनजान रमना क्या ? यातना के मोल भी समझना ही इष्ट।"

निःसन्देह, अनुवाद की अपनी सीमाएँ हैं। यह विशेष रूप से तब स्पष्ट हो जाता है जब बायें पृष्ठ पर देवनागरी लिपि में उद्धृत मूल गुजराती कविता से मिलान करते हैं। कवि की कई उत्तम गीत-रचनाएँ तो अनुवादकों को छोड़ देनी पडीं ! छन्द की लय, प्रास की माधुरी और भावों की क्षेत्रीय व्यंजना अनुवाद में लाना कैसे संभव हो ? फिर भी श्री रघुवीर चौधरी और श्री भोलाभाई पटेल ने प्रत्येक कविता की भाव-संपदा को संप्रेषित करने और अनुवाद को एक गद्यात्मक लय देने का पूरा प्रयत्न किया है। संग्रह की प्रथम कविता 'निशीथ' को, श्रीमती मदालसा श्रीमन्नारायण द्वारा प्रस्तुत प्रारूप के आधार पर अन्तिम रूप देने का सुख मुझे इन बन्धुओं के सहयोग से प्राप्त हुआ। 'निशीथ' की अन्य कविताओं को अनुवाद के माध्यम से समझने और संशोधन सुझाव आदि के विनियम का संतोष भी मुझे उमाशंकर भाई के साथ कुछ दिन रहकर प्राप्त हुआ है !

डॉ. प्रभाकर माचवे ने 'स्वर्गीय बड़ेभाई', 'पांचाली' तथा अन्त रचनाओं का अनुवाद भेजकर कार्य में शीघ्रता लाने में स्तुत्य सहयोग दिया है। दोनों अनुवादक डॉ. रामदरश मिश्र के साथ बैठकर अनुवाद की पाण्डुलिपि पढ़ चुके हैं। डॉ.

रणधीर उपाध्याय से भी उन्हें इस प्रकार का सहयोग प्राप्त हुआ है। इन तीनों विद्वानों के प्रति मैं कृतज्ञता का भाव व्यक्त करता हूँ।

पुरस्कार-समर्पण समारोह के अवसर पर ही ज्ञानपीठ श्री उमाशंकर जोशी की दो अन्यकृतियों का अनुवाद भी प्रकाशित कर रही है—'प्राचीना' एवं 'श्री अने सौरभ' का। 'प्राचीना' में कवि की सात पद्य-नाट्यात्मक रचनाएँ 'कर्ण-कृष्ण', '१६वें दिन का प्रभात', 'गांधारी', 'बाल राहुल', 'रतिमदन', 'आशंका' और 'कुब्जा' संकलित है। गुजराती काव्य-साहित्य में इस कृति का विशिष्ट स्थान है। 'श्री और सौरभ' निबन्ध-संग्रह उमाशंकर जोशी के उस चिन्तक, समीक्षक और अध्येता व्यक्तित्व से आह्लाद कारक परिचय कराता है जिसने प्राचीन भारतीय साहित्य की प्रभूत काव्य-ऋद्धि को, उसकी अन्तर्दृष्टि को; जिज्ञासु की उत्सुकता से समझा है, मनीषी की दृष्टि से परखा है और कवि की भावानुभूति से संप्रेषित किया है।

कवि की सर्जनशील प्रतिभा ने साहित्य की विविध विधाओं: नाटक, उपन्यास, कहानी, निबन्ध, साहित्यिक आलोचना आदि के माध्यम से आत्मसिद्धि प्राप्त की है। उदात्त भव्यता उनकी रचनाओं का मूल निःश्वास है और व्यक्ति तथा उसका कृतित्व सदा एकात्म है!

—लक्ष्मीचन्द्र जैन<br>
भारतीय ज्ञानपीठ

# कविता : आत्मा की मातृभाषा

कॉलेज का मेरा पहला बरस था। दिवाली की छुट्टियाँ शुरू होते ही पंद्रह रुपए मँगनी पर लेकर हम तीन मित्र अहमदाबाद से आबू जाने के लिए गाड़ी में बैठे। गाड़ी से आबूरोड तो पहुँचे, पर फिर पहाड़ चढ़े, चल कर, उतरे और वतन का सौ मील जितना डूँगरमाला से गुज़रता निकट मार्ग भी पैदल ही काटा।

मूल में मैं डूँगरों का। उत्तर गुजरात के मेरे गाँव में मेरे घर के पीछे ही डूँगर है। परन्तु अर्बुदगिरि का अनुभव मुझे प्रकृति-प्रेम में लहराता ही रहा। शरद पूर्णिमा की रात्रि थी। काव्यदीक्षा के लिए तरसते तरुण चित्त को अर्बुदगिरि की पर्वतश्री ने शरद पूर्णिमा के प्रफुल्ल आलोक में धन्य मन्त्र दिया :

सौन्दर्यो पी . उरझरण गाशे पछी आपमेळे.

—हम पहाड मुँह खोल कर पानी पीते दिखाई नहीं देते, हम पर पानी पड़ते ही लुढक जाना दीखता है, फिर भी चुपचाप हम अपने भीतर उसे संगृहीत कर लेते हैं। भीतर पानी का पर्याप्त संचय हुआ कि फिर चाहे शिलाएँ कैसी भी क्यों न हों, उनके द्वार तोड़ कर निर्झर अपने आप बाहर फूट आता है। मानों हमारा—कठोर पर्वतों का हृदय ही गान लग गया हो! विश्व में सौन्दर्य की सतत धारा-वर्षा हो रही है। तूने यदि उसे भीतर उतारा होगा तो फिर तेरा उरनिर्झर अपने आप गाने लग जाएगा।

उस समय काव्यजीवन का आरंभ करने के लिए यह मन्त्र पर्याप्त था।

गुजरात कॉलेज की पत्रिका में वह कविता छपी। उस समय मैं संस्कृत में भी रचनाएँ किया करता। इस राह पर चढ़ गया इण्टर के वर्ग में, संस्कृत के अध्यापक ने कीट्स की 'ला बेल दाम सॉं मेर्सी' की दो कड़ियों का अनुवाद कर लाने के लिए कहा, इस परसे। अनुवाद करते समय संस्कृत भाषा की भरपूर साधनसज्जा (resourcefulness) का मुझे अनुभव हुआ।

लम्बालकां लघुगतिं ललितां स्थलीषु
उन्मत्तचारुदृशमीक्षितवान् सुबालाम्।

तत्कण्ठभूषणमहं कृतवांश्च मालां
काञ्ची च सौरभवहामपि कंकण च ।।
बद्धभावेव मय्येषा दृष्टि चिक्षेप कामिनी ।
ततो दीर्घ च निःश्वस्य मुग्धैषा चित्रवत् स्थिता ।।

अंतिम चरण मैंने जोडा था। बाद मे 'तत्रापश्यं गिरिपथचरस्त्वां भ्रमन्ती सुखेन'—इन शब्दो से आरंभ होता साबरमती से उद्बोधन, 'सुधाऽऽस्वाद यत्ते स्मितं नाहं याचे, तदभिलषिताः सन्तु बहवः।···'—ये प्रणयोद्गार, आदि स्वतंत्र संस्कृत रचनाएँ भी कॉलेज-पत्रिका मे प्रकाशित हुई।

इतने मे १९३० की सत्याग्रह की लडाई शुरू हुई। कच्चे जेल मे था, तब वहाँ से एक कविमित्र को भेजी हुई रचनाएँ, कुछ महिनों के बाद जेल से बाहर आया उसके पूर्व ही, अग्रगण्य मासिक-पत्रिकाओ मे प्रकाशित हुई थी। सूरत मे एक समारंभ मे एक कृति को नृत्यके साथ प्रस्तुत करने वाली बालिका का चित्र भी एक अक मे प्रकाशित हो चुका था। आरभ था—

हु गुलाम ?
सृष्टि बागनु अमूल फूल मानवी गुलाम ?

(मैं गुलाम ? सृष्टि के उपवन का अमूल्य पुष्प मनुष्य गुलाम ?)

हृदय-चित्त पर राष्ट्रीयता की भावना ने अधिकार कर लिया था।

उस समय केवल राष्ट्रीयता का ही आकर्षण था ? या राष्ट्रीय लडाई के नेपथ्य मे रही किसी व्यापक भावना का भी आकर्षण था ?

१९३०में जेल में एक अनुभव हुआ। आबू पर प्राप्त अनुभव जिस तरह काव्यजीवन की दीक्षा देने वाला था, यह जीवन समग्र की दीक्षा में प्रेरित करने-वाला था।

साबरमती जेल मे मैं साथियों से बिछुड़ कर एक के बाद दूसरी बैरक मे हटाया जाता था। ऐसे में सितारों की लगन लगी। मुझे हँसी आती कि बाहर खुले आसमान के नीचे था तब कभी तारों का ऐसा आकर्षण न जगा, अब यहाँ बंद होने की बारी आई तब ये दूर दूर से टिमटिमा कर मुझे बिलखाते है। बैरक का एक छोर उत्तर की ओर था। वहाँ खिडकी के पास खडा मैं सप्तर्षि की ओर ताका करता। उनको छोडकर और तारों को मै पहचानता भी नही रहा हूँगा।

उसी समय श्री शंकर दीक्षित की खगोल-विषयक मराठी पुस्तक 'ज्योति-विलास' का अनुवाद मैने पढ़ा। तुकाराम के अभगों का तथा टॉमस ए. केम्पिस के ईसा-अनुसरण की पुस्तक का परिचय भी चल रहा था। राष्ट्रप्रेम की विराट तरंग पर तो हम सब उठाए हुए थे ही, उसमें ये रग भी आ मिले। उस समय हररोज सुबह जल्द उठकर दीवार से जरा दूर—उससे बिना टिके—बैठने की आदत डाली

थीं। एक दिन अलख सुबह में सर पर जैसे कोई अगोचर स्पर्श हुआ हो और उसके वेग के तले दब कर मेरा सारा अस्तित्व मानो पृथ्वी की सतह के साथ समरेख हो गया हो ऐसा अनुभव हुआ। मानो आत्मविलोपन का—प्रकाशभरे आत्मविलोपन-का भाव उमड़ता रहा। शून्यता का नहीं—सभरता का यह अनुभव था।

इस अनुभव की छाया में मुझे एक नाटक सूझा। उसमें नक्षत्र-ग्रह पात्रों के रूप में थे। स्वयं काल भी एक पात्र था। सनातनता के बागे सज कर काल प्रवेश करता है, और अपनी महत्त्वाकांक्षा प्रकट करता है—जो सारे नाटक में बीजरूप है। कहता है कि सृष्टि में सौन्दर्य को प्रस्थापित करने में तो मैं कुछ सफल हुआ हूँ—

तेजने पूर्यु तारलिये,
दीध परिमलने फूलवेश.
विश्वने आंगण वेरवा मारे
प्रेम-भीना संदेश.

(तेज को तारकों मे रूपान्वित किया, सौरभ को पुष्प की सज्जा दी। विश्व के आँगन में मुझे बिखेरने हैं प्रेमभीगे सन्देश।)

अब विश्व में प्रेमतत्त्व को वह प्रतिष्ठित देख पाए कि बस ! इस नाटक के दूसरे अंक में मानव जाति के इतिहास के मुख्य क्षणों को स्पर्श करने का सोचा था। सारा प्रयत्न मानवजीवनमें संवादिता की शक्यताएँ खोजने-जाँचने का और प्रेम-धर्म की महिमा गाने का था।

कहने की जरूरत नहीं है कि उस समय ऐसा नाटक लिखने की स्थिति में मैं नहीं था। कुछ अंश लिखे थे, बस वे ही। परन्तु इससे मुझे एक बड़ा लाभ यह पहुँचा कि नाटक लिखने की—कवि होने की—तैयारी कर रहा हूँ ऐसा भाव ही अनुगामी वर्षों में सतत बना रहा। कृति लिखने की सज्जता के लिए शिक्षा का एक पूरा अभ्यासक्रम मुझे अनायास मिल गया। यह काव्यकृति सूझी उसके बाद भले ही इसकी रचना पूरी न हुई, किन्तु उसमें से अन्य अनेक छोटी-बड़ी कृतियों-का उद्भव हुआ है। आत्म-विलोपन का वह परम आह्लादकारी अनुभव, विश्व-से—मानव जाति से—राष्ट्र से तादात्म्य का अनुभव करने मे बार बार प्रेरित किया करता है।

शोधीश मां मावडी खोवायो बाळ रे
खोवायो धरतीने आंगणे.
खंड खंड लोकवृंद टोळे ऊमटियां ने
मळियो आ मानवीनो मेळो रे,

खोळीश मां धरतीने ख्होले रे खोळले
हुं जो भळी जाऊं भेळो—
हो मावडी, खोवायो धरतीने आंगणे।

(हे माँ, मत खोजना अपने बाल को, खो गया है वह इस धरती के ही आँगन में। खंड खंड में लोकवृन्द एक साथ उमड़ आए हैं। और लगा है मनुष्यों का यह मेला। मत खोजना, धरती की विशाल गोद में जो मिल जाऊँगा सबके साथ। हे माँ, मैं तो खो गया हूँ धरती के आँगन में।)

'रखडुनुं गीत' (यायावर का गीत) उपर्युक्त शब्दों से उभरता है, और 'विश्वमानवी' (विश्वमानव) इन पंक्तियों में विरमता है:

व्यक्ति मटीने बनुं विश्वमामवी,
माथे धरूं धूल वसुन्धरानी.

(मिट कर व्यक्ति बनूँ विश्वमानव; सर पर धारण करूं वसुन्धरा की धूल।)

बाद में 'सिवान के पत्थर पर' और 'विराट प्रणय' में भी तादात्म्य का भाव ही अलग अलग रीति से झाँक जाता है।

साबरमती जेल में प्राप्त अनुभव का काव्य तो स्वयं रचा न गया, परन्तु वह काव्यसर्जन के एक अंत:स्रोत के रूप में अनुभूति देता रहा। अनुभूति शब्द प्रयुक्त करता हूँ तब मुझे खयाल है कि कोई इसे चाहे तो भ्रान्ति भी कह सकता है, पर जहाँ तक कवितासर्जन का सम्बन्ध है, भ्रान्ति भी एक हक़ीकत सी ही परिणामकारक सिद्ध हो सकता है, यह इस मिसाल से देखा जा सकेगा।

१९३१ में गांधी-इरविन समझौते के समय में मैं कॉलेज में वापिस न गया। फिर से लड़ाई आ रही है, इस अपेक्षा से गांधीजी द्वारा स्थापित गुजरात विद्यापीठ में जाकर आचार्य श्री काकासाहब कालेलकर के साथ रहा। वहाँ उस नाटक की तैयारी के लिए स्वाध्याय का आरंभ किया। एक दृश्य 'युधिष्ठिर का युद्ध-विषाद' का मसौदा भी बना लिया। पर इस तैयारी के एक आकस्मिक अंकुर के रूप में 'विश्वशांति' खण्डकाव्य लिखा गया—पाँच दिन में। गांधीजी के विभूतिमत्त्व के परिवेश में यह काव्य चलता है। गोलमेज परिषद में जाना लगभग स्थगित कर दिया गया था और वे विद्यापीठ में आकर कुछ दिन रहे थे, सुबह में प्रार्थनाप्रवचन के दरमियान उनका सान्निध्य भरपूर मिलता। 'विश्वशांति' समिष्टि में समरस होने की अभीप्सा को साकार करने का प्रयत्न है। यह काव्य गांधीजी द्वारा स्थापित नवजीवन प्रेस से प्रकाशित हुआ। इसका जो स्वागत हुआ उसमें प्रकाशन-संस्था का योगदान भी कम नहीं रहा होगा। परंतु यह छोटी-

सी काव्य-पुस्तिका गांधीजी को पहुँचाने की हिम्मत मैं कर न पाया।

काव्यदीक्षा सौन्दर्य की, जीवन दीक्षा प्रेम की—यों मनमें उग आना एक बात है, जीए जाते जीवन में प्रतिपल उसका अनुभव-वस्तु बनना और बात है। १९३२ में जेल मे 'गंगोत्री' संग्रह की कुछ कविताएँ और 'सापना भारा' एकांकी संग्रह के पहले पाँच नाटक लेकर बाहर आया, जिन पर सामाजिक एवं वैयक्तिक विसंवाद की छायाएँ अंकित हैं। गांधीजी की प्रेरणासे जेलों में ब्रिटिश सरकार का आतिथ्य चखते युवक समाजवाद की भावना से रंगे जा रहे थे। 'गंगोत्री' में 'भूखे जनों की जठराग्नि जगेगी' यह उद्घोष और 'निशीथ' में 'बेंक पासेनुं झाड' (बैंक के नज़दीक का पेड) तथा 'पांचाली' जैसी कृतियाँ इस भावना के जीवंत प्रभाव मे है।

तीसरे दशक के बाद लगभग सभी गूजराती नवलेखक इस भावना से बहुत कुछ प्रभावित हुए, पाँच वर्ष के बाद 'प्रगतिवाद' के पुरस्कर्ता भी बने, परंतु 'साहित्य अने प्रगति' नामक दो लेखसंचय प्रकाशित करके चोथे दशक के अंत तक तो सबने प्रगतिवाद पर अधिकृत रूप से पर्दा गिरा कर आंदोलन को समेट लिया। दूसरे विश्वयुद्ध के वक़्त साम्यवादियों की प्रमाणभूत पक्षीय नीति ने हमारे क़दम को सही सिद्ध किया। पक्षवाद में फँसने से हम बच गए, पर समाजवाद की मूल प्रेरणा—सामाजिक न्याय की माग—किसी न किसी रूप में हमसे लगी ही रही।' ४० के नवकवियों में सौन्दर्याभिमुखता प्रकट हुई, परंतु उसके लाभों के साथ, ५० के बाद प्रवेश करने नवकवियों की कविता में पुनःसमाजसंदर्भ का परिमाण बिम्ब, प्रतीक द्वारा आ मिलता है। इसके अनंतर मानवनियति की, खास करके आधुनिक समग्र के दबाव के बीच कवि जैसे संवेदनशील व्यक्ति को मनुष्य की गति-स्थिति की कैसी झांकी होनी है इसकी सम्प्रज्ञता (Awareness) कविता द्वारा मूर्त होना चाहती है। 'छिन्नभिन्न हूँ' (१९५६) और 'शोध' (१९५९) रचनाएँ मेरे इस दिशा के प्रयत्न है।

विश्वशांति से वैयक्तिक अशांति के अनुभव की विपरीत गति हमारे युग के सर्जकों के लिए निर्मित हो चुकी थी—अनिवार्य रूप से—ऐसा भी कहा जा सकता है। यह भावनाओं का पीछे हटना नहीं है, अनुभूत यथार्थ का स्वीकार है। इस स्वीकार के बावजूद भी विश्वशांति की अभीप्सा मिटने वाली नहीं थी, बल्कि धीरे धीरे वैयक्तिक अशांति और विश्वशांति दोनों अलग अलग न दीख कर परस्पर ओतप्रोत प्रतीत होनेवाली थीं।

'निशीथ' में जो 'देश-निर्वासित-सा' नामक कृति है उसे मूल अंग्रेजी में लिखा था :

I wonder how this little soul
Was smuggled into life,
Not that I dread the fact of being
That men misname as strife.
From birth to death the mortals roam,
I seek the way from deaih to birth.
I have wandered and will wander still
An exile on this earth.*

परन्तु वैयक्तिक चेतना की बात को पूर्ण रूप से अंक में भरने का प्रयत्न 'निशीथ' की सॉनेटमाला 'आत्मा के खण्डहर' मे होता है। इस सॉनेटमाला का महदश मैंने बम्बई मे तीन दिनो में लिखा, उन दिनों मैं बी.ए. में भारतीय बेकिग का अध्ययन कर रहा था 'निशीथ' की प्रमुख रचनाएँ वही लिखी गई, वे बम्बई के जीवनके सूक्ष्म प्रभाव से अकित है। खुद 'निशीथ' रचना का जन्म बम्बई की लोकल ट्रेन में, रात को उपनगर लौटते समय कविश्री मेघाणी की मेरे नाम लिखी गई चिट्ठी के कोरे हिस्से पर कुछ पक्तियो के रूप मे, हुआ था। इसमे छद वैदिक-सा प्रयुक्त करने पर भी लोकल ट्रेन के गति-आदोलन प्रवेश पा चुके है।

'निशीथ'की कविताओं की भूमिका पूर्व लिखित कृतियाँ 'विश्वशांति' और 'गंगोत्री' से कटी हुई तो नहीं है। एक मुख्य तंतु है 'विश्वशांति' के पहले और पाँचवें-छठे खंड से संलग्न। मानव-नियति विषयक यह तंतु 'निशीथ' में, 'विराट प्रणय' में तथा 'आत्मा के खण्डहर' में—तीनों में भिन्न भिन्न रीति से प्रतीत होता है। कवि के ख़याल से 'मगल शब्द' के पूर्वार्ध मे वैश्विक चित्रण का जो आकर्षण है वह 'निशीथ' कविता मे पूर्णतया व्यक्त हुआ है। 'विश्वशाति' के तीसरे खण्ड में झाँकते इतिहासप्रेम को 'विराट प्रणय' में अभिव्यक्ति का अवसर मिलता है।

दूसरा तंतु है प्रणय कविता का। 'गंगोत्री' में 'अकेले या साथ में' आदि मौग्ध्य-उद्गार 'रहनुमा बिना' रचना में भावना-संकेत, 'मुखर कन्दरा' जैसी रचनाओं मे अपरीक्षित, अननुभूत तथापि विश्वस्त उच्चारण—इन सबके बाद अब विवाहोत्तर कृतियाँ मिलती हैं। मेरे एक मित्रने तो कह भी दिया—'विवाहोत्तर कृतियों को प्रणयकविता कौन कहे ?'

---

* १९३४ में अंग्रेजी में ऐसे कुछ प्रयत्न किए थे। उस समय बम्बई मे रहते श्री हरीन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय से मेरा सम्बन्ध था। उन्होंने ये कृतियाँ प्रकाशित करने की इच्छा प्रकट की थी, लेकिन मैंने बात को आगे बढ़ने नहीं दिया।

तीसरा एक तंतु मृत्यु-विषयक संवेदन का है : 'एक बच्ची को श्मशान ले जाते हुए' के बाद 'पिताके फूल' तथा 'स्वींय बड़े भाई' कृतियाँ मिलती हैं।

चौथा तंतु जीवन की वास्तविकताओं का है, जिनमें केवल विपमताओं के ही नहीं, किन्तु जगत-जीवन के विशाल फलक पर की, दृष्टि की व्याप्ति से बाहर रह गई, निपट वस्तुस्थितियों के कुछ अंश अनुभूति-विषय बनते है।

पाँचवा तंतु—बल्कि उसे पाँचवाँ न कहें; यहाँ उपर्युक्त चारों तंतु समवेत हो कर अनुभूति का रूप लेकर स्फुट होना चाहते हों ऐसा लगता है। मेरे लिए तो यह जीवन का, कमसे कम कवि-जीवन का शायद मुख्य भाग बनता रहा है। यह दिखाई देता है 'आत्मा के खण्डहर' में। विश्वशांति के स्थान पर यहाँ व्यक्ति की अशांति शायद विषय-वस्तु बनती है बुलंद अभीप्सा जीए जाते विविधरंगी जीवन के स्पर्श से पहलदार बनती है। और यथार्थ—निरा यथार्थ, केवल यथार्थ के स्वागत में परिणत होती है। विश्वशांति और वैयक्तिक अशांति विरोधी वस्तुएँ नहीं रह जातीं। दोनों यथार्थ के सेतु से जुड़ जाती है। सॉनेटमाला के अंतभाग में एक प्रकार के सशयवाद, निराशावाद, शून्यवाद (Nihilism), स्वप्न-आदर्श-भावना विपयक पराजयवाद (Defeatism) और आगे चलकर हमें पाश्चात्य साहित्य द्वारा दिखाये गये निःसारवाद (The Absurd), अस्तित्ववाद (Existentialism) के इंगित हैं, किन्तु परिणाम स्वरूप उबर आती है एक प्रकार की कोई आध्यात्मिक अनुभूति। व्यक्ति दबता, झेलता, भंज कर बाहर आता है यथार्थ का स्वागत करते, उसे अपनाते हुए। मुक्त हृदय से, मुक्त चित्त से यथार्थ का निःशेप स्वीकार भी स्वतः एक आध्यात्मिक विजय की भूमिका है।

'अभिज्ञा' (१६६७) में संग्रहीत 'छिन्नभिन्न हूँ' और 'शोध' कृतियाँ आगे बढ़ कर एक पूरा काव्यस्तबक बनें ऐसी परिकल्पना है। इस काव्य-संपुट में वे चारों समवेत तंतु पुनः किस प्रकार प्रत्यक्ष होंगे यह फ़िलहाल मैं ही न जानता होऊँ तो कैसे कह सकूँ? अपने ढंग से वह अलग और अनूठा प्रयत्न होना चाहेगा। मुझे कुछ ऐसा लगता है कि सर्जकचेतना कभी कभी गोल सीढ़ी पर चढ़ती (spiralling) भी देखने को मिलती है।

कहिए कि 'आत्मा के खण्डहर' में जो बाहर देखने को मिला था उसका साक्षात्कार 'छिन्नभिन्न हूँ' में भीतर होना है। 'आत्मा के खण्डहर' सॉनेट के दृढ

पद्यबंद'में साकार हुआ था, यहाँ छंदोलय भिन्न, विक्षिप्त है, बल्कि गुजराती पद्य-रचना के चारों प्रकार और बीच बीच मे गद्यपंक्तियों के द्वारा लय अन्वित होती चलती है। 'छिन्नभिन्न छु' के बाद दूसरी ही पंक्ति-'निश्छंद कवितामां धबकवा करता लय समो' के आरम्भ के तीन शब्द और अंतिम तीन शब्दों के बीच लय हिचक जाती है।

छिन्नभिन्नता के अनुभव की रचना यदि कलाकृति हो पाई तो इतना तो मनुष्य एक-केन्द्र हो पाया है ऐसा कहा जा सकता है। साहित्य का माध्यम शब्द है। बाह्य वास्तविकता को शब्द एकत्व अर्पित करता है, इस अर्थ मे कला स्वयं एक आध्यात्मिक प्रवृत्ति है। आज का मुख्य प्रश्न यह है कि यत्र-सस्कृति में मनुष्य जीए कैसे ? केवल जीए नही बल्कि मानवीय गरिमा के साथ जीए। यन्त्र-वैज्ञानिक संस्कृति का पश्चिमी जीवन पर भारी दबाव है और हमारे जीवन पर भी उसका असर न पडना असम्भव है। पश्चिम में भी विज्ञान और टेक्नॉलॉजी की उपलब्धियों के असन्तोष के बीच धर्म की—एक प्रकारकी आध्यात्मिकता की—खोज के चिह्न दिखाई दे रहे है। किन्तु धर्म का मार्ग विज्ञान के सत्यों के बीच से ही गुजरता है। 'डिवाइन कॉमेडी' में इनफरनो (दोजक) और परगेटोरियो (शोधनागार) से होकर ही पेरेडिसो (स्वर्ग) का रास्ता गुजरा है। हमारे देश में भी ऐसे लोग हो सकते है जो इन अनुभवो की आँच में पक रहे हों।

दूसरी कृति 'शोध जीवन के सर्जनात्मक सिद्धान्त की खोज को विषय-वस्तु बनाती है। द्रष्टा जब बिखरे वृक्ष नही देखता, वृक्ष-रचना-मय हो जाता है तब सौन्दर्यानुभूति प्रकट होती है; द्रष्टा और दृश्य के जुदा न रह जाने से केवल सौन्दर्यवस्तु ही प्राकट्य पाती है। यह प्रतीति सहानुभूति के फलक के विस्तरण

---

१. इस शताब्दी के आरंभ में प्रो. बलवन्तराय क. ठाकोर ने संस्कृत वर्णवृत्तों में यतिभंग तथा श्लोकभंग के प्रयोग से प्रवाहिता सिद्ध की और अर्थानुसारी विराम एवं लय के कारण मिल्टन की काव्यकंडिका-सी रचना की सभावनाएँ सूचित की। परिणामस्वरूप गुजराती कवियों ने सस्कृत वृत्तों से जैसे कि 'ब्लैंक वर्स' का काम लिया। खास करके सॉनेट जैसी सघ[illegible]बद्ध रचना के लिए ये छंद कार्यक्षम प्रतीत हुए।

२. 'छिन्नभिन्न छुं' में और 'शोध' में गुजराती भाषा के बोलचाल के लहजे और काकु आदिका विनियोग करके तथा भाषा में स्वरभार का जो कुछ तत्त्व है उसका लाभ उठाकर मैं छंदोमुक्ति की ओर बढ़ा।

मात्र से ही नहीं परन्तु तद्रूपता-समरसता पर आधारित है। पुष्प, शिशुओं का कलहास्य— ये इस कविता के शब्द और छंद हैं। और कन्याओं के आशा-उल्लास हैं। 'मेरी कविता की नसों का रुधिर'। अंततोगत्वा काव्यकीसौन्दर्य दीक्षा और जीवन की प्रेमदीक्षा अलग अलग रह नहीं पातीं। प्रेम और सौन्दर्य एकज्वाल होकर रहते हैं।

अहमदाबाद —उमाशंकर जोशी

१०-१२-१९३८

# क्रम

**'निशीथ' से**

'विश्वशाति' से



गंगोत्री' से

'आतिथ्य' से



'वसंतवर्षा' से

'अभिज्ञा' से

# निशीथ

## एवं अन्य कविताएँ

जोशीजी के निधन के बाद "**निशीथ**" का यह पहला संस्करण है। जोशीजी विख्यात कवि, लेखक मनीषी, गांधीवादी और समाजसेवी तो थे ही किन्तु इससे भी बढ़कर वे एक बहुत बड़े मनुष्य थे--एक ऐसे मनुष्य जो मनुष्यता का प्रतीक बन जाता है। वर्ष 1967 का ज्ञानपीठ पुरस्कार सह-विजेता के रूप मे समर्पित कर भारतीय ज्ञानपीठ गौरवान्वित हुआ था। जोशीजी की काव्य चेतना एक ऐसे दिव्य आलोक से उत्पन्न एवं प्रेरित थी जो पूरी वसुधा को कुटुम्बकम् में परिणत कर देता है। "**निशीथ**" (ज्ञानपीठ पुरस्कार इसी पुस्तक पर समर्पित किया गया था) उनकी सर्वोत्कृष्ट कृति मानी जाती है।

जोशीजी केवल ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता ही नही थे बल्कि प्रारंभ से ही वह भारतीय ज्ञानपीठ से परिवार के एक वरिष्ठ सदस्य के रूप में जुड़ गए थे। प्रवर परिषद के अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में उन्होंने सक्रिय योगदान किया था।

उनका निधन भारतीय साहित्य और विशेषकर भारतीय ज्ञानपीठ के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। आशा है, "**निशीथ**" का यह नया संस्करण और भी सुधी पाठकों तक पहुँचेगा।

**1 मई, 1989**

**—बिशन टंडन**
निदेशक
भारतीय ज्ञानपीठ

## 'निशीथ' से

## निशीथ

१

निशीथ हे ! नर्तक रुद्ररम्य !
स्वर्गंगनो सोहत हार कंठे,
कराल झंझा-डमरू बजे करे,
पींछां शीर्षे घूमता धूमकेतु,
तेजोमेघोनी ऊडे दूर पामरी.
हे सृष्टिपाटे नटराज भव्य !
भूगोलार्धे, पायनी ठेक लेतो,
विश्वान्तरोना व्यापतो गर्त ऊंडा.
प्रतिक्षणे जे चक्करार्ता पृथ्वी,
पीठे तेनी पाय माडी छटाथी
ताली लेतो दूरना तारकोथी.
फेलावी बे बाहु, ब्रह्माण्डगोले
वींझाई रहेतो, भ्रमती पृथ्वी साथे.
भमे, सुघूमे चिरकाल नर्तने,
पडे परन्तु पद नो लयोचित
वसुन्धरानी मृदु रंगभोमे,
बजंत ज्यां मन्द्र मृदंग सिन्धुना.

२

पाये तारे पृथ्वी चंपाय मीठु,
स्पर्शे तारे तेजरोमांच द्यौने.
प्रीतिप्रोयां दंपती अंतरे को
विकारवंटोळ मचे तु-हूंफे.

३

निहारिकाना मलिने खेलनारो,
जेनार जे ताग ऊंडा खगोलना,

## निशीथ

### १

हे निशीथ, रुद्ररम्य नर्तक !
कंठ में है शोभित स्वर्गंगा का हार
बजता है कर में झंझा-डमरू
घूमता हुआ धूमकेतु है तेरे शीश का पिच्छ-मुकुट
तेजस्-मेघों के है तेरे दुकूल फहराते दूर,
सृष्टितिलक पर, हे भव्य नटराज !

भूगोलार्ध पर दे रहा पाँव की थाप
व्याप्त करता विश्वान्तर के गहरे गर्त्तों को
प्रतिक्षण घूमती इस पृथ्वी की पीठ पर पाँव रखकर छटा से
ले रहा ताली तू दूरवर्ती तारकों के साथ !
फैलाकर दोनों भूजाएँ ब्रह्माण्ड के गोलार्धों में
हिल्लोल ले रहा घूमती धरा के संग
घूमता ही रहता है चिरन्तन नर्तन मे
रहती है फिर भी पदगति लयोचित
वसुन्धरा की मृदु रंगभूमि पर
बजते है जहाँ मंद मृदंग सिन्धु के !

### २

पैरों से तेरे पृथ्वी दबती है मधुर
स्पर्श से तेरे होता है तेज-रोमांच द्यौ को
प्रीति-पिरोये दम्पती-हृदय में उठता है
आवेग का बवंडर, तेरे स्निग्ध सहारे ।

### ३

खेलता तू नीहारिका-नार में
लेता थाह अथाह खगोल की

रंकांगणे तुं ऊतरे अमारे.
दीठो तने स्वैर घूमंत व्योमे,
अगस्त्यनी झूंपडीए झूकंतो,
के मस्त पेला मृगलुब्ध श्वानने
प्रेरंत व्योमांत सुधी अकेल,
सप्तर्षिनो वा करीने पतंग
चगावी रहेता प्रवशुं रमतो,
पुनर्वसुनी लई होडली जरी
नौकाविहारे उरने रिझावतो,
के देवयानी महीं जै झूलंतो,
दीठेल हेमंत महीं वळी, मघा
तणुं लई दातरडुं निरंतर
श्रमे नभक्षेत्र तणा सुपक्व
तारागणो-धान्यकणो लणंतो,
ने वर्षामां लेटतो अभ्र ओढी.
हे रूपोमां राचता नव्य योगी !

४

निशीथ हे ! शातमना तपस्वी !
तजी अविश्रांत विराट तांडवो
कदीक तो आसन वाळी बेसतो
हिमाद्रि जेवी दृढ तुं पलांठीए.
उत्क्रांतिनी धूणी धखे झळांझळां,
उडुस्फुलिंगो ऊडता दिगंतमां;
त्यां चिंतवे सृष्टिरहस्य ऊंडां
अमासअंधारतले निगूढ तु.
अने अमे मानव मंद चेतवी
दीवो तने ज्यां करीए निहाळवा,
जृम्भाविकास्युं मुख जोई चंड
तारुं, दृगोथी रहोए ज वींटी
नानी अमारी घरदीवडीने,

तू उतरता हमारे रंक-आँगन में।
देखा तुझे स्वच्छन्द विहरते व्योम में
उझकते झोंपड़ी में अगस्त्य की
या खदेड़ते व्योमान्त तक अकेले
उस मृग-लुब्ध श्वान को,

या देखा खेलते ध्रुव के साथ
जो सप्तर्षि को चढ़ाता है ऊँचा पतंग-सा,
या लेकर पुनर्वसु की नाव
रिझाते हुए उर को तनिक नौका-विहार से,
या झूलते हुए देवयानी में जाकर,
तुझ देख पाया हेमन्त में
मघा का हँसिया लिये निरन्तर
नभक्षेत्र के सुपक्व तारक-धानकणों को
मेहनत से पाटते,
और देखा वर्षा में लेटे अभ्र ओढ़कर।
रूपों-रूपों में रमते, हे नव्य योगी!

४

हे निशीथ, हे शान्तमना तपस्वी!
तजकर अविश्रान्त विराग ताण्डव
बैठ जाता है तू कभी आसन लगा
हिमाद्रि-सी दृढ़ पालती जमाकर।
धू-धू जलती धूनी उत्क्रान्ति की
दिगन्त में उड़ते उडु-स्फुलिंग
वहाँ निगूढ़ अमा-तमान्तर में
करता तू गहन सृष्टि-रहस्य-चिन्तन।
और जैसे ही हम मानव, जलाकर मन्द दीप
निकलते हैं निरखने तुझे
देखकर जृंभाविकसित चंडमुख तेरा
दृगों से घेर लेते हैं अपनी नन्हीं-सी गृहदीपिका को

ने भूलवाने मथीए खीलेलुं
स्वरूप तारुं शिवरुद्र   व्योमे.

५

संन्यासी हे ऊर्ध्वमूर्धा अघोर !
अंधार अर्चेल कपोलभाले,
डिले चोळी कौमुदीश्वेत भस्म.
कमंडलु बंकिम अष्टमीनुं
के पूर्णिमाना छलकंत चंद्रनुं.
करे रसप्रोक्षण चोदिशे, जे
स्वयं चरे निःस्पृह आत्मलीन,
द्वारे द्वारे ढूकतो भेखधारी.
प्रसुप्त कोई प्रणयी युगोनां
उन्निद्र हैयाकमलो विशे मीठो
फोरावतो चेतननो पराग.
स्वयं सुनिश्चंचल, अन्य केरा
राचे करी अंतर मत्त चंचल.
खेलन्दा हे शांत तांडवोना !

६

मारा देशे शाश्वती शर्वरी कशी !
निद्राघेरां लोचनो लोक केरां
मूर्छाछायां भोळुडां लोकहैयां,
तें सर्व त्वन्नीरव नृत्य-ताले
न जागशे, द्यौनट हे विराट ?
मारे चित्ते मृत्युघेरी तमिस्रा,
रक्तस्रोते दास्यदुर्भेद्य तंद्रा.
पदप्रघाते तव, हे महानट,
न तूटशे शुं उरना विषाद ए ?

और करते हैं प्रयत्न भूल जाने का
व्योम में खिला तेरा रुद्र रूप !

५

हे संन्यासी, उर्ध्वमूर्धा अघोर !
अर्चित है अन्धकार तेरे कपोल-भाल पर
अंगों पर लेपी है कौमुदी-श्वेत भस्म ।
लेकर कमंडलु बंकिम अष्टमी का
या पूर्णिमा के छलकते चन्द्रमा का
छिड़कता है रस चतुर्दिक्
तू जो विचरता है स्वयं निस्पृह आत्मलीन,
घूमघूम कर ठाकता है द्वार-द्वार पर भेखधारी ।
प्रसुप्त किसी प्रणयी युगल के
उन्निद्र हृत्कमलों में मधुरतम महकाता है
चेतना का पराग;
कर के मत्त चचल दूसरों के हृदय
स्वयं रहकर निश्चचल
पाता है प्रमोद,
हे शान्त ताण्डवों के खिलाडी !

६

कैसी यह मेरे देश में शाश्वत शर्वरी ?
निद्राच्छन्न जन-जन के लोचन
मूर्च्छाग्रस्त भोलेभाले हृदय लोगों के
जानेंगे न क्या ये सब तेरो नृत्यताल से ?
द्यौनट, हे विराट् !
मेरे चित्त में घिरी मृत्युमय तमिस्रा
रक्त-स्रोत में दास्य-दुर्भेद्य तन्द्रा ।
चूर चूर होंगे न क्या हृदय के ये विषाद
पाद-प्रघात गे तेरे, हे महानट !

ताले ताले नृत्यना रक्तव्हेणे
संगीत आंहीं शुं नहीं स्फुरे नवां ?

श्रान्तोने तुं चेतना दे, प्रफुल्ल
शोभावतो तुं प्रकृतिप्रियाने,
ने मानवोनी मनोमृत्तिकामां
स्वप्नो केरां वावतो बी अनेरां.

तुं सृष्टिनी नित्यनवीन आशा।
न आटलुं तुंथी थशे ? कहे, कहे,
निशीथ, वैतालिक हे उषाना !

[सप्टेम्बर, १९३८]

स्फुरित नहीं होंगे क्या धमनियों में
नये संगीत, नृत्य की ताल पर ?

देता है चेतना श्रान्तों को तू
प्रफुल्ल कर शोभित करता है प्रकृति-प्रिया को
और मानवों की मनोमृत्तिका में बो रहा तू
स्वप्नों के बीज अनूठे ।

तू है सृष्टि की नित-नवीन आशा !
इतना न होगा क्या तुझसे ?
बोल, बोल,
निशीथ ! वैतालिक हे उषा के !

[सितम्बर १९३८]

## ઑરતા

ક્ષણો ઝડપવી અગણ્ય ક્ષણમાંથી એકાદ બે,
અને સમયના અનંત ટહુકાર એમાં ફૂંકી,
સ્ફુરાવવી જગે; કહી : અમર આ અમારાં જુઓ
લસે કવન ! રે ખરે જ ક વજિન્દગી એ જ શું ?

અનેક ક્ષણપુંજ જિન્દગી તણા મહીંથી ક્ષણો
નિજાનુભવ દિવ્યની જડી કંઈ ગણીગાંઠી તે
કરી શબદના અપૂર્ણ અધૂરા રૂપે વ્યક્ત, શું
ગણી જ ઇતિ લેવી જિન્દગી તણી ? ચિરાયુય એ ?

અતાગ અવકાશમાં અણુ શી અલ્પ આ પૃથ્વીનાં
સ્ફુરે શ્વસન ચાર, અંતવિણ આ મહાકાલમાં.
તહીં નહિ-સમા અરે મનુજનું કવ્યું-ના-કવ્યું
કહી, કવણ કાળ, આ પૃથિવીની જ રાખોડી જ્યાં
સમગ્ર ઇતિહાસ પે ઊડી પિછોડી આચ્છાદશે ?

છતાંય, ઉર ગાઈ લે,
રહી જશે રખે ઑરતા !

[નવમ્બર ૧૯૩૩

## अरमान

अगण्य क्षणों में से एकाध को पकड़
समय की अनंत कुहुकिकाएँ उनमें फूक कर
स्फुरित कर जग में, कहते है :
'हमारे ये अमर सुशोभित काव्य !'
अरे, सचमुच यही क्या कवि ज़िन्दगी ?

जीवन के है अनेक क्षणपुंज,
दिव्य निजानुभव के क्षण तो है कुछ इनेगिने ही,
कर व्यक्त उन्हें शब्द के अपूर्ण अधूरे रूप में,
जीवन की इति मान ली जाये क्या ?
यही है चिरायु ?

अथाह महाकाश में, अन्तहीन इस महाकाल में
अणु-सी अल्प इस पृथ्वी के स्फुरित होते मास चार
उसमें नगण्य मनुष्य की
कौ-न-की काव्यसृष्टि कहाँ ?
कब तक वह,
इस पृथ्वी की ही भस्म जहाँ
समग्र इतिहास पर उड़कर चादर चढ़ा देगी ?

फिर भी, हृदय, गा ले
रह न जाये कहीं मन में अरमान !

[नवम्बर १९३३]

# आत्मसंतोष

ना, ना, हवे हृदयनी रडवी व्यथाओ.

जे दे व्यथा जगत ते जगने ज पाछी
गाथा रची कदी न देवी हवे व्यथानी.
—दुःखे दमे, वळतरे दुखगीत एने ?

हैयुं बिचारुं थई एवुं गयुं ज आळुं,
सौ स्पर्शथी ध्रूजी जतुं, करी चीस गीते.
ने चीस गीतमय सुणी, लुभाई, होंसे
स्पर्शी जतुं सहु वळीवळी एहने रे !

मंड्यो ज वज्रनखली लई वर्तमान
आ तंतुमांथी टपकावी जवा स्वरो सौ.
ए लेश पीड, पण, अंतरनी न बूझे.

ने तोय सौ समसमावी वधु ज गावुं !
गावुं. भले विषम हो कदी वर्तमान,
ना छे कसूर कंई आवती पेढीओनी.

[२६-८-१९३३]

## आत्मसंतोष

नही, नही, अब नही है रोनी हृदय की व्यथाएँ

जो जगत् व्यथा देता है उसी जगत् को अब
रचकर गाथाएँ व्यथा की वापस नही देनी है।
दुःख से जो हमें पीड़ित करता है
बदले में उसे दुःखगीत देना क्यो ?

हृदय बेचारा हो गया है ऐसा आर्द्र
सभी स्पर्शा से काँप उठता
करके चीत्कार गीत में।
गीतमय चीख सुनकर
अधिक के लोभ से, उत्साह से
स्पर्श कर जाते है सब कोई पुनः पुनः उसे।
वर्तमान वज्र का मिजराब लेकर डट गया है
इस तंत्री में से सभी स्वर छेड़ने को;
वह नहीं समझता ज़रा भी हृदय की पीड़ा।

फिर भी मन मसासकर खूब गाना !
गाना;
भले ही कभी विषम हो उठे वर्तमान,
किन्तु कोई कसूर नही
अनागत पीढ़ियों का।

[२६-८-१९३३]

## प्रणयीनो रटवा

राते दिने रटी रहुं न जाणु नाम !
भेटी रहुं स्वपनमां न पूरी पिछान !

मांडा पहोर लगी वात कर्या करुं, ने
तोये पूरो तुज हजी वरतुं न साद !
तारी मृदु श्वसननी धडके जीवे आ
हैयुं, न तोय तुज हुंफ शकुं हुं स्पर्शी !
खेंचाउं तारी रगनी नव लोही-ज्योते;
दीठुं नथी हजी पूंठे तुज पोपचांनी !
ने क्यांक कोक दी पछी मळशुं ज ज्यारे
एकान्तमां गुपत गोठडीए डूबंतां,
ज्यारे उरे उर ढळी पूछशे ज छानुं :
'छे ख्याल केवी तु मने रही'ती सतावी ?'
जाणु तू तो कही हसीश, 'बधुंय जाणु !'

आजे शुं किंतु थतुं ते अहीं हुं ज जाणु.

[१९-४-१९३४]

## प्रणयी की रटन

रात दिन रट रहा हूँ !
जानता नहीं नाम !
स्वप्न में देता हूँ आश्लेष,
नहीं है पूरी पहचान !

बहुत देर तक बातें करता रहूँ
और फिर भी
अभी तक पूरी तरह नहीं पहचानता तेरी आवाज़ !
तेरी मीठी साँसों की धड़कनों से
जी रहा है यह हृदय,
फिर भी नहीं स्पर्श कर पा रहा
तेरी ऊष्मा !
खींचा जाता हूँ
तेरी नसों की नवरक्त ज्योति से;
नहीं झाँका है अभी तक तेरी पलकों के पीछे !
और, कहीं किसी दिन फिर मिलेंगे हो जब
एकान्त में डूबेंगे बातों के रस में
जब हृदय हृदय पर ढल कर पूछेगा मूक :
"है ख्याल कैसी तू मुझे रही थी सता ?"
जानता हूँ मैं, तू हँस कर कहेगी—
"सब कुछ जानती हूँ"

किन्तु आज यहाँ क्या हो रहा है
वह तो मैं ही जानता हूँ।

[१६-४-१९३४]

## सखी में कल्पी'ती—

सखी में कल्पी'ती प्रथम कविताना उदय शी,
अजाणा क्यांथीये ऊतरी अणधारी रची जती
उरे ऊर्मिमाला, लयमधुर ने मंजुलरव,
जती तोये हैये चिर मूकी जती मादमदिरा.

सखी में झंखी'ती जलधरधनुष्येथी झूलती,
अदीठी शी मोठी अवनवल रंगोनी लट शी.
प्रतिबिंबे हैये अणुअणु महीं अंकित थती,
स्फुरंती आत्मामां दिनभर शके स्वप्नसुरभि.

सखी में वांछी'ती विरल रसलीलानी प्रतिमा,
स्वयंभू भावोना निलय सरखी कोमलतम,
असेव्यां स्वप्नोना सुमदलरच्या संपुट समी,
जगे मर्दानीमां बढवती ज चित्ते तडित शी.

मळी त्यारे जाण्युं: मनुज मुज शी, पूर्ण पण ना.
छतां कल्प्याथीये मधुरतर हैयांनी रचना.

[१-१२-१९३७]

## कल्पना की थी मैंने सखी की—

कल्पना की थी मैंने सखी की—
कि होगी वह प्रथम कविता के उदय-सी।
अनजान कहीं से आकर यकायक
हृदय में उर्मिमाला, मधुर लय और मंजुल रव की
रचना कर जाती,
और जाने पर भी
हृदय में चिर आनन्द की मदिरा छोड़ जाती।

कामना को थी मैंने सखी की—
इन्द्रधनु से झूलती हुई
अनदेखी-सी मीठी अद्भुत रंगों की लट-सी
प्रतिबिंबित जो हृदय में, अंकित होती थी अणु-अणु में,
दिन भर आत्मा में स्फुरित होती
मानों स्वप्न की सौरभ।

वांछा की थी मैंने सखी की—
स्वयंभू भावों के निलय के समान कोमलतम,
रसलीला की विरल प्रतिमा के रूप में।
न सँजोए सपनों के पुष्पदलों से रचित सम्पुट जैसी,
चित्त में तडित् बनकर
विश्व में मर्दानगी में करती प्रेरित।

जब मिली तब जाना :
मुझ-सी ही हो मानवी,
नहीं पूर्ण भी।
किन्तु कल्पना से भी मधुतर है हृदय की रचना।

[१-१२-१७३७]

## मळी न्होती ज्यारे—

मळो न्होती त्यारे तुज करी हती खोज कशो में ?
भम्यो'तो कान्तारे, कलरव करंतां झरणने
तटे घूम्यो, खद्यो गिरिवर तणो स्कंधपट, ने
द्रुमे डाळे डाळे कीध नजर माळे खग तणा.

मळी न्होती ज्यारे दिवसभरनी जागृति महीं,
मळी'ती स्वप्नोमां मदिल मिलनोनी सुरभिथी,
सुगंधे प्रेरायो दिनभर रह्यो शोध महीं, ने
दिवास्वप्ने झांखी कदीकदी थतां थाक न लह्यो.

मळी अंते स्वप्नो सकल थकीए स्वप्नमय जे.
मळी आशाओनी क्षितिज थकीए पारनी सुधा.
सूनी आयुनौका मुज झूलती'ती अस्थिर जले,
सुकाने जै जोती मळी जगत-झंझानिल महीं.

मळी न्होती त्यारे, प्रिय, जलथले खोजी तुजने.
रहुं शोधी आजे तुज महीं पदार्थो सकल ए.

[२५-११-१९३७]

## जब नहीं मिली थी—

जव नही मिली थी,
तब मैने तेरी कितनी खोज की थी ?
भटकता कान्तारों में
कलकल करते झरनों के तट पर घूमा,
रौंदे गिरिवर के स्कंधपट
और द्रुमों की डाली-डाली पर विहगों के नीड़ों में झाँका।

जब नही मिली थी दिन भर की जागृति में,
मिली थी स्वप्नों में मदिर मिलनों की सुरभि से युक्त।
सुगन्ध से प्रेरित दिन भर खोज में रहा,
दिवास्वप्न में यदाकदा तेरी झाँकी होने से
थकान होने पर भी, मालूम न हुई।

मिली आखिर, सकल स्वप्नों से भी जो स्वप्नमय।
मिली आशाओं के क्षितिज के भी जो पार, वह सुधा।
सूनी आयु-नौका मेरी डोलती थी अस्थिर जल में,
जगत्-झंझानिल में
पतवार को सँभालनेवाली तू मिली।

जब नहीं मिली थी, प्रिये,
जलथल में तुझे खोजा था।
आज मैं खोज रहा हूँ तुझमें वे सभी पदार्थ !

[२५-११-१९३७]

## बे पूर्णिमाओ

अगाध हती पूर्णिमा गरक आत्मसौंदर्यमां,
हतुं शरदनुं प्रसन्न नभ शुभ्र ने निर्मल.
सूतां सरल नींदरे सुभग शृंग अरवल्लीनां.
कहीं कुहरघोष निर्झरणनर्तनोना स्फुर.
तहीं अजीब ल्हेरखी फरको को अगमलोकनी.
खूल्युं हृदय, रोमरोम कविता प्रवेशी वसी.

हती लळती आम्रकुंज, रसमस्त ने कोकिला;
तप्या दिन पूठे हती रजनी रम्य वैशाखनी,
घडेल घनकौमुदीरसथी म्हेकतो मोगरो;
पुरे जरीक जंपिया जटिल लोककोलाहल.
सुगौर अरपेल गोरजसमेनी करवल्लीने
भुलावती तहीं स्फुरी मुखमयंकनी पूर्णिमा.

निरंतर स्मरी रहुं उभय पूर्णिमा ए सखी.
निहाळी कविता तुमां, वळी तनेय कवितामहीं.

[२६-११-१९३७]

## दो पूर्णिमाएँ

पूर्णिमा लीन थी अगाध आत्म-सौन्दर्य में,
शरद का प्रसन्न नभ शुभ्र और निर्मल था।
अरावली के सुभग शृंग निद्रा में निमग्न थे।
कही निर्झर नर्तनों के कुहर घोष स्फुरित होते।
वहाँ
अजीब लहर कोई अगम लोक की आ गई।
खुला हृदय,
आकर रोम रोम में बसी कविता।

झूम रही थी आत्मकुंज,
रसोन्मत्त कोकिला,
तप्त दिन के बाद रात्रि थी रम्य बैशाख की।
घन कौमुदी के रस मे निमित महकता था मोगरा,
नगर मे तनिक शान्त था, जटिल लोक कोलाहल।
गोधूलि वेला की सुगोर करवल्ली को भलाती हुई
मुख-मयक की प्रगट हुई पूर्णिमा।

निरन्तर स्मरण करता हूँ
उभय पूर्णिमाओं को हे सखि,
देख कर कविता तुझमें
और तुझे कविता में।

[२६-११-१९३७]

## क्षमा-याचना

१

करजे प्रिय माफ आटलुं—
कदी बोलावो न लाडथी तने.
बहुं मग्न हुं आज आपणां
लखवामां मिलनो तणी कथा.

२

खमजे सखि आज रे जरी
कदी जो मोकली पत्र ना शकुं,
सखि, आपण-प्रेमनां पदो
रचवामां बस छुं रच्योपच्यो.

३

सहजे प्रिय जिंदगी महीं
नव पायां प्रणयामृतो पूरां.
कवि हुं, जीवतां मथ्यो पूठे
परबा मांडी जवा सुधा तणी

[१७-११-१९३७]

## क्षमा-याचना

१

प्रिये,
माफ़ करना यह
कि कभी दुलार से नहीं पुकारा तुझे।
बहुत व्यस्त मैं आज
अपने दोनों के अनेक मिलनों की कथा लिखने में।

३

सब्र करना, सखि आज ज़रा;
यदि कोई पत्र न भेज सकूँ मैं,
सखि,
हमारे प्रणय के गीत रचने में

३

हूँ पूरा तल्लीन।
सहना प्रिय, ज़िन्दगी में
नहीं पाया प्रणयामृत पूरा।
कवि मैं,
सुधा की प्याऊ पीछे छोड़ जाने के लिए
जीवन में जूझता।

[१७-११-१९३७]

## विराट प्रणय

१

पच्चीशी हजु तो प्हेली पूरी मांड करी न त्यां,
प्रीत आ वसमी क्यांथी मने लागी अभागीने ?
जगना प्रणयोनी ना शीख्यो बाराखडी पूरी,
त्यां तारे प्रेमपाशे रे पड्यो क्यां जगसुन्दरी ?
मानवीमानवीआंखे मननु शोध्यु मानवी,
शोधतां क्यांयथी ते आ नवी को प्रेयसी मळी !
रम्य ने भव्य ए प्रेम, प्रेमी किन्तु अजाण हुं.
हवे एके रडुं छुं ने हसु छु बीजी आंखथी,
निहाळी रहुं बेयथी.

निहाळी रहुं बेयथी अजब मूर्ति नारी सखी
विशाळ पृथिवीपटे तृणपटे मीठे गालीचे
शिलाथी शिर टेकवी सिंहण वन्य उन्मत्त शी!
उघाडी वळी मींचती हरणनेणनुं मार्दव
उरे उझरडा पड्या रूझवती मिसासे, अने
शमावी रही डूसके धडक छातीनी कारमी.
छातीनी कारमी आवी व्यथा शे शमवी शकु ?
अनोखो प्रेम ने आवो जतोये शे करी शकु ?

२

जतोय करी शे शकु प्रणय, जेह मन्वन्तरो
थकी हृदयमां मुगूढ अविराम सेव्यो मुखे.

## विराट प्रणय

१

अभी तो पहली पच्चीसी भी पूरी की—न की,
प्रीत यह कैसी जगी अभागे मुझमें ?
जगत् के प्रेम का पूरा ककहरा भी नही अभी सीखा
कि तेरे प्रेमपाश में
बँध गया कैसे विश्व-सुन्दरी ?
मनुष्य-मनुष्य की आँखो मे खोजा मन का मनुष्य,
खोजते खोजने कहाँ से मिल गई
एक नई प्रेयसी !
रम्य और भव्य यह प्रेम, किन्तु मै अनजान प्रेमी,
अब रोता हूँ एक आँख मे, हँसता दूसरी मे,
देखता हूँ दोनो से ।

देखता हूँ दोनो मे तेरी अद्भुत मूर्ति सखी
विशाल पृथ्वीपट पर,
तृण के मृदु गलोचे पर
शिला पर सिर धर कर, वन्य उन्मत्त सिंहनी-सी
खोलती है, फिर मूँदती है हरिणनेत्रो का मार्दव ।
हृदय मे लगी खरोंचो को पूरती है निश्वासो से
और शान्त करती है सिसकियो से
छाती की तीव्र धडकनो को ।
जिगर की इस भारी व्यथा को
भला शान्त कैसे करूँ ?
और इस अनोखे प्रेम को जाने भी कैसे दूँ ?

२

कैसे जाने दूँ प्रणय जिसको मन्वन्तरों से
हृदय में सुगूढ़, अविराम सँजोया है सुख से !

न जंप, नहि शांति, जे क्षणथी मैत्रिणी संगमां
तने प्रथम जोई मुग्धशिशुका. शी ए जोडली ?

निहाळी द्वयरूपसी अधिकरम्य एकेकथी,
करो गूंथी गळा महीं सुभग एकबीजा तणा
वनेवन विशाळ भूमिपट ट्हेलती स्हेलती;
स्रवंत गुजगोष्ठि ओष्ठ भरपूर विश्रंभथी.
सहेली वळी प्होंची को रूडी वनस्थलीने पटे.
सरोवर सरित् तटे उभय बेसी रहेती तहीं
अबोल चिरकाल, मौननयनोनी लीला वळी
प्रगल्भ पढती नमावी मृदु सामसामां मुखो.
करो कमरवींटता बढवता ज प्राणैक्यने.
कशी विमल दीप्ती प्रकृतिसंगिनी तुं सखी !

हती प्रकृति तो शके नववधू समी मंडिता.
खचेल उडु मंडिले, नयनमां नरी नीलिमा,
अने धवल कंबुकंठ नभगंगस्रग्धारिणी.
सकंप कुचमंडले सलिलपातळी पामरी,
धरी क्षितिजमेखला मुखर सिंधुबुद्बुद्रवे,
पदे झरणझांझरी, डिल वसंतवाघा लचे.
अने सखी तुं तो अदम्य निज प्राणप्रोल्लासना
प्रकर्ष थकी ऊभराती अवहेलती मंडनो
रमंती अनलंकृता अनवगुंठिता भूतले.
हतो उभयने उरे मृदु सुमेळ दैवी ज को.

नहीं चैन, नहीं शांति
जिस क्षण प्रकृति मैत्रिणी के संग
तुझे प्रथम देखा मुग्ध बालिका ।
कैसी यह जोड़ी ?

देखकर द्वय रूपसी अधिक रम्य अन्योन्य से,
गलबहियाँ डाले परस्पर
वन-वन में विशाल भूमिपट घूमती...
चलती है गोपन बात, ओठ भरपूर विश्रंभ से ।
पहुँचती है रम्य वनस्थली पर,
सरोवर-सरिता के तट पर
बैठ रहती दोनों मौन चिरकाल, मूक नयनों की लीला भी
नीचा मुख किये प्रगल्भ पढ़ती हैं
आमने सामने एक दूसरे के ।
कमर को आलिंगित करते हाथ बढ़ाते हैं प्राणैक्य को ।
कैसी विमल शोभित होती है, तू सखी
बन प्रकृति-संगिनी !

प्रकृति तो थी मानो नववधू-सी मंडित ।
नक्षत्र खचित थे मुकुट में, नयन में गहरी नीलिमा,
और धवल कंबुकंठ, नभगंगमालधारिणी ।
सकंप कुच-मंडल पर सलिल-सा झीना उत्तरीय,
धारण की है क्षितिज-मेखला
मुखरित जो सिन्धु के बुद्बुद्-रव मे,
पदों में झरनों के नूपुर, देह पर वसंत के वस्त्र,

और सखी,
तुम तो अदम्य अपने प्राण प्रोल्लास के प्रकर्ष से उमड़ती,
अलंकार की करती अवहेलना,
खेलती अनलंकृता अनवगुंठिता भूतल पर ।
था उभय के हृदय में दैवी मृदु सुमेल ।

समृद्ध तुजने सुअर्घ्य प्रकृति प्रहर्षे सदा
समर्पती, अने तुंये प्रकृतिनी रचे अर्चना.

परन्तु कदी मुग्ध चक्षुद्वय, हे सुमुग्धे, तव
सखी प्रकृति शांतज्योत अपरूप निज चारुता
वडे जरी लुभावी ऊंडुं ललचावती, ने थतुं
तने घणीय वेळ के सखी बतावती तेथी तो
छुपावती ज कैं- गणुं, न उपभोग वहेंची करे,
स्वयं करती शोख स्वाद उपभोग एकाकिनी.
न सख्य अम बे विशे घडीक संभवीये शके.
अने कंई मिषे लढीवढी कर्या ज कट्टा. पड्यां
जुदां, पण निवास तो निकटना ठर्या नित्यना.
सखी उभय एकमेक थकी नित्य रहे झूझती,
झूटावती ज एकमेक थकी शक्ति रिद्धि प्रभा.

३

तने तुरत त्यां निहाळी मनमस्त झूझंती, हो !
अनेक उरगो चतुष्पद कुलोनी हिंसा सह.
डिलेथी मृदु ल्हेरती अनिलनी ऊडे लोबडी.
हता ज नखदंत रक्तटपकंत तीणा तीखा,
हती तडित नेत्रमां, धडक माही झ गानिलो,
प्रचंड पदतालतांडवप्रपात उल्का झरे.
सखी, सुरमणीय मूर्ति तव ते करालो हती.

मने मुरत देतो ए चिरलसंत नेत्रोत्सव :
सखी निखिलनग्न, मग्न निज अंगलावण्यना
निरीक्षण महीं रसांकित वळांक अंगांगना.
अकुंठित हतां तव भ्रमण. शैशवक्रीडनो
तजी अनुभवी रही तरवराट कौमारनो.

प्रकृति देती थी तुझे समृद्ध अर्घ्य सदा प्रहर्ष से,
और तू भी करती थी प्रकृति की अर्चना।

परन्तु, हे सुमुग्धे
तेरी सखी प्रकृति लुभाती मुग्ध चक्षुद्वय को
ललचाती शांत-ज्योत अपरूप निज चारुता से,
और तुझे लगता था कई बार
कि सखी जितना दिखाती है,
छिपाती है उससे कई गुना अधिक,
बाँट कर नहीं करती है उपभोग,
स्वयं एकाकिनी करती है शौक़, स्वाद, उपभोग।
संभवित नहीं सख्य, क्षण एक भी हम दोनों के बीच,
और तब किसी मिष
लड़-झगड़ कर तोड़ दी मित्रता—हुए अलग,
किन्तु निवास तो रहे निकट के और नित्य के।
सखी उभय परस्पर झगड़ती है प्रतिदिन
छीन छपट लेती परस्पर से शक्ति, रिद्धि, प्रभा।

३

तुझे देखा वहाँ तुरन्त मदमस्त. जूझती हुई
अनेक उरगों और चतुष्पद कुलों की हिंसा के साथ।
देह पर उड़ रहा मृदु अनिल का आँचल।
नखदत थे रक्त स्रवित पैने-तीखे,
तड़ित थी नेत्रों में, धड़कन में थे झंझानिल,
प्रचंड-पद-ताल-तांडव-प्रपात से झरती उल्का।
सखी हे, तुम्हारी वह सुरम्य मूर्ति थी कराल।

वह मूर्ति देती मुझे चिर नेत्रोत्सव :
निखिल नग्न अपने अंग-लावण्य के निरीक्षणों में मग्न
अंगांग की रसांकित बंकिमा।
अकुंठित था तव संचरण
तज कर शैशवक्रीड़ा, अनुभव किया चापल्य कौमार का,

अने रुचिरयौवने द्रुतपदे प्रवेशी मदे.

सुयौवन दीपावती सखी बनीठनी कोक दी
विराजती रसे भरी अचलशृंग सिंहासने,
झुकावती कटाक्षपात स्मितवल्लीनी बंकिमा
वडे अदम पौरुष; प्रणयथी भरी छातडी
झूकी तव सखी, अने प्रणयिनी बनी तु खरी.
गृहाकुहर ने पलाशवटआदिना मंडपो
रचेल नवपल्लवे वनलतालचंता तहीं
मची रमणकेलि मस्त सुरतोनी लीला तव.
हता करतलो सुरक्त कमलो समा, ने मुखे
सरंती सुरखी तणी अजब ल्हेरखीओ, सखि !
रगेरग धसे दडे रुधिरना महाधोधवा,
द्रुतश्वसनथी स्तनो थडकी ऊपडे कारमा,
शमावती सुगौर स्पर्शती स्तनांत हस्तांगुलि.
ऊडे हृदयमां हुलास नवसर्जनोना मीठा.
न ए अरधमूर्छिता सुरत ताहरी छानी, जे
युगोयुग तपो तपी मळी ज रत्नगर्भे तने.

८

बनी तुं कंई धीर शांतप्रकृति सुगंभीर, ने
तजो वनविलास यौनतणा, सरित्कंठ के
सरोवर तणे तटे विटपकाष्ठखंडो वडे
रच्यां लघुक गोष्ठ रम्य तृणपर्ण-आच्छादियां.

और फिर प्रवेश किया द्रुत पदों से रम्य यौवन में।

शोभित करती अपने यौवन को
बनठन कर कभी बिराजती थी सगर्व
अचल शृंग के सिंहासन पर,
कटाक्षपात, स्मितवल्ली की बंकिमा से विजित करती
अदम्य पौरुष को;
प्रणय से भर छाती तुम्हारी झुकी हुई,
और, बनी तू सचमुच में प्रणयिनी।
नवपल्लव और वनलता से रचित
गुहा-कुहर और पलाश-वट आदि के मंडप मे
की रमण-केलि
रची मस्त लीलाएँ, सुरत क्रीड़ाएँ।
थे करतल सुरक्त कमलों के समान
और मुख पर थी अनुपम रेखाएँ लालिमा की,
प्रत्येक नस में धँसता गिरता
रुधिर का महाप्रपात।
द्रुत श्वसन मे उठते स्तन धडक कर वेग से,
शांत करती सुगौर करांगुलि से स्पर्श कर रतनांत।
उठते है हृदय में नवसर्जन के मधुर उल्लास।
नहीं है गुप्त, तेरी वह अर्धमूर्छिता मूर्ति
जो युगों तक तप तप कर
मिली है तुझे, हे रत्नगर्भे!

८

हुई तू कुछ धीर, शांतप्रकृति सुगभीर
और तज कर वन-विलास यौवन के
सरिता के किनारे या सरोवर के तट पर,
विटप काष्टखंडों से रचे लघु रम्य गोष्ठ
तृणपर्णों से आच्छादित।

वसी स्थिर बनी घडीक अहीं तो घडी अन्य को
स्थले सरल नाखती वतन काज डेरा नवा.
अरण्यपशुओ सुसंस्कृत कर्यां ज धीरे धीरे;
लई सहुय साथ शाद्वलवती धरा ढूंढती,
निवास रचती, पड्या मूकी पळे नवा शोधती.
परन्तु लघुगोष्ठ जे प्रतिस्थले रच्यो, त्यां खूणे
दुहे पशु, सुवत्स साथ कंई गेल घेलो करे.
सुमंगल वसुंधरानी दुहिता बनी तुं सखी.
स्वयं जननीवेश स्वानुभव आ बधा लै वडा
बनी प्रजननार्ह, बेसमज जे हलेती हती.

५

वटी त्वरित वेळ नेत्रपलकारमां तो बनी
अपत्यवती, हे सखी, उमळके खूंदे खोळलो
मीठां शिशु, सुहागिनी, नयनजोडली ठारतां.
थयां घूंटणभेर, ना हरख माय तारे उरे.
घूमंत शिशु अत्रतत्र नवखंड खेडी रहे.

खील्यां शिशुप्रभावथी तव महत्त्वलावण्य शां !
प्रजा निज निहाळती रूडुं महालती तुं सुखी.
—अहीं सुभग पानीढंक घननील वेणी धरी,
शिरे मुकुट शोभतो अवनवो पिरामिडनो.

बस कर स्थिर हुई यहाँ कुछेक काल,
फिर वहाँ कुछ काल,
वतन के लिए नये नये डेरा डालती हुई।
अरण्य पशुओं को किया संस्कृत कालक्रम से
ले सबको साथ
शाद्वलयुक्त धरा को ढूंढती हुई
नये निवास रचती हुई,
रख छोड़ उन्हें वहाँ ढूंढती दूसरे ही क्षण अन्य नये स्थल।
परन्तु लघुगोष्ठ जिस किसी स्थान पर रचा
वहाँ दोहती पशु को
वत्स को दुलार करती हुई बनी तू दुहिता
सुमंगल वसुधा की।
लेकर यह सब स्वानुभव जननी-वेश मे
बनी तू प्रजनन के योग्य
एक दिन जो फुदक रही थी ना-समक्ष।

## ५

त्वरा मे बीता समय
निमिष मात्र में हुई तू अपत्यवती,
खेलने लगे मोद से शिशु मधुर तेरी गोद में
नेत्रों को शीतलता प्रदान करते।
रेंगने लगे घुटनों से वे,
तेरे उर में आनन्द नही समाता था।
यहाँ वहाँ घूमते शिशु यात्रा कर लेते नवखण्ड की।

खिले शिशुप्रभाव से तेरे महत्त्व औ' लावण्य,
देख कर अपनी प्रजा को विचरती थी तू सुख से।
--एड़ी तक पहुँचती सुभग घननील वेणी धारण कर
सिर पर पिरामीड का विचित्र मुकुट,

झरे विमल स्तन्यधार शिशु धावतां कोडथी
लचे वपुनी वेल रिद्धिभर वेषभूषा धरी.
—तहीं हिमकिरीटिनी धवलभाल दिव्यागना
अलौकिक रटंत मत्र ऋचना स्वयप्रेरित.
विलासभर विस्तरंत कर गगसिंधु तणा,
मुहत गिरिमेखला कटितट, पदे सिंधुन्
रहे बजी मृदग, ठेक लई लकद्वीपे, महा
रमी अलखतांडवो, युगयुगो थया ने शम्या.
त्रिशूल कर धारी चड नागराज नङ्गा तणु
सुतीक्ष्ण कटिदेश मोहत कृपाण सह्याद्रिनी.
—अही शिर परे धर्या हरित शा जवारा, अने
निशाममय व्योमकदर अगाशीए बसीने
निरीक्षतां अनेकरूप गतिओ ग्रहोपग्रहो,
अगण्य उडुमडलां तणी, अकप नेत्रे, अने
न जे नियतिबद्ध मक्त नभधूमकेतु घूमे
नवी नियति आकना निजनी, ते रहे लक्षती
हता ज अलका समा भवन व्योमचुबी नव.
अही धरती म्हाड भाल पर नावडीघाग्नो,
शिरे चपलरम्य शोय हळवेथी वाको मूकशो.
सखी अवनीमध्यना सरसमांवड्डा मागरे
तरे तरलरंगिणी, जलतरग पे कोमळा
धरतां पदपद्म नर्तन अनेकश आदर,
समुद्रतलरत्न वीणतीं सलिलर्मीला करे.
—तही वळी पडाशमा गिरनी बकी हारो ऊभी,

बहती है विमल स्तन्यधारा
पान करते हैं शिशु चाव से,
शोभित है देहलता रिद्धिपूर्ण वेशभूषा पहन कर।
—वहाँ हिम-किरीटिनी धवलभाल दिव्यागना
उच्चारित करती है स्वयंप्रेरित ऋचा-मंत्र।

फैले है विलासभरे कर गंगा-सिंधु के,
कटितट पर सोहती विलास-मेखला,
चरणों में बजता सिधु का मृदंग,
पाँव रखकर लंकाद्वीप में खेलती अलख तांडव।

युग-युग हुए उदित और अस्त।
कर में ले त्रिशूल चंड नगराज नङ्गा का
कटिदेश में शोभित थी सह्याद्रि की कृपाण।
यहाँ धारण किये सिर पर हरित जवारे।
और रात्रि की बेला में निहारती थी छत पर बैठ
व्योम-कदरा--ग्रहोपग्रहों की,
अगण्य उडु-मंडलों की अनेकरूपा गतियों को अकंप नेत्रों से,
और, नही जो नियतिबद्ध, मुक्त जो—
अपनी नयी नियति अंकित करते—
ऐसे घूमते धूमकेतुओं को करती लक्ष्य।
थे तेरे भी
अलका के समान व्योमचुम्बी भवन।

—यहाँ धारण करती भाल पर नौकाकृति मौर
रखा सिर पर धीरे से, चपलरम्य बाँका।
अवनिमध्य के सरोवर समान सागर में सखी,
तैरती तरलरंगिणी जलतरंग पर,
रखती कोमल पदपद्म करती अनेकशः नर्तन।
समुद्रतल के रत्न बीनती हुई सलिललीला करती।
—वहाँ पड़ोस में खड़ी गिरि की बंकिम पंक्तियाँ,

नभे क्षितिजनी ऊंचे मृदु सुरेख अंकाई जे.
ऊभेल गिरिस्कंध को गिरिशिशु प्रतापी मनु.
सुरेखतर एहना दृढ वळांक काया तणा,
ज्वलंत नभपार्श्वभूमि पर रूपअवार शा.
स्वरूप तव चित्तनु हृदयनु वपु प्राणनुं
रसांकित थयुं तहीं नीरखी थै प्रसन्ना क्षण.
—समीप ज तहीं उठ्यो प्रगटी प्राण फफडावतो
धस्यो तव, दिशे दिशे अजय राजमार्ग रची,
अरण्यरण वींधतो जलधिकंठ ज्होंची हस्यो.
हती अनुप शक्ति ते समय वेगीली तेगनी.
हती अधिक शक्ति ए थकीय ताहरी जीभनी

—पणे सखी तु राचती अरवघोडले नाचती,
त्वरा न तव रक्तनी घडीय दे तने जंपवा.
—वळी कहींक धूलिधूसरित हाफती तर्फडे
कठोर रवितापमांही ज्वरतप्त काया तव
निरांत वळता जरीक, पग वाळीने ऊटनी
मझानी द्वय खूंध वीच, वधती पथे डोलती,
अनभ्र नभनी परोवी रूडी बीज भाला मही
----शके मखमले मढ्या महॅत क्याक मेदाननां
पटे दिवसरात लेटती विसामो करे.
--कपोल पर टेकवी कर कहीक एकान्तमां
अघोर वननां प्रचंड जलधोधरोणा सुणे.

नभ में क्षितिज से ऊँचे
मृदु सुरेख रूप में जो अंकित।
खड़े थे गिरिस्कंध
मानो कोई गिरिशिशु प्रतापी मनु,
सुगठित हैं उसकी काया के दृढ़ अंग,
ज्वलंत नभपार्श्वभूमि पर रूप अंबार के समान।
तेरे चित्त का, हृदय का, वपु-प्राण का
देख वहाँ रसांकित स्वरूप
हुई क्षणभर प्रसन्न।

—समीप में ही वहाँ फुत्कारते जग उठे तेरे प्राण,
प्रत्येक दिशा में रचकर अनूठे राजमार्ग,
अरण्य, मरुभूमि पार करता हुआ
मुस्कराता पहुँचा जलधि-तट।

थी अनुपशक्ति उस समय सवेग तलवार की
और उससे भी अधिक थी शक्ति तेरी जिह्वा की।
—वहाँ तू अरबी घोड़े पर नाचती,
तेरे रक्त की त्वरा
क्षणभर को भी तुझे चैन नहीं लेने देती।
—कहीं धूलिधूसरित तड़पती थी हाँफती-सी
कठोर रवि ताप में तेरी ज्वरतप्त काया।
थोड़ा-सा ही आराम मिलने पर
बैठ कर ऊँट की पीठ पर,
आराम से डोलती हुई,
बढ़ती जाती थी पथ पर
अनभ्र नभ की सुरम्य दूज को पिरोकर भाले में।
मखमल-जड़ित मैदान में
लेटकर कभी सुस्ता लेती थी दिन-रात
रख हथेली पर कपोल कहीं एकान्त में
सुनती थी, अघोर वन के प्रचंड प्रपात रुदन।

प्रसूति हती ना हती तव क्रमेक्रमे थै गई
नवा जनमिया शिशु, प्रलय ने प्रसूतिव्यथा
तणा अनुभवे वध्या रुदन ताहरा, ना शम्या.

कईक शमशे गणी ऋषिवरो ऋचा उच्चर्या,
प्रशांत पण चडजोम प्रगटावियो ओम्ध्वनि,
सदंतर जशे चही गहनचिंतनोमा सया
प्रफुल्लमति व्यास 'धर्म, जय त्यां' प्रबोधी रह्या
वद्या सुभग धर्मधेनु दुहनार गोपाळ ए
सिनाई नगशृंगथी शमन क मूसाए कयु,
कयुं ज नझरेथना मृदु सुथारपुत्र घणुं
परंतु सुणता जरीक ज, तुं झाझुं तो भूलती,
लह शमनमार्ग ना, अगनकुंड ढंढी रहे
नहोर थकी चोरती रुधिरवाहिनी-जूथने,
कठोर जल शैल पे शिर अफाळती मद र्शा
अने उपवनो रचेल रमणीय ज त स्वयं
स्मशान मम ते वधा करी मूके घणा एकमां
हशे ज कशी भेलछा रुधिरमां सखी ताहरा !
सुकेश वीखरायला विचरती उघाडे पगे
न कटक गणे न कंकर, उतावळी व्याकुळी
पळे, पठळ अस्तव्यस्त अनिले ऊडे अचळो,

६

सतति तेरी हो गई क्रम से होने न होने-सी
नये नये जन्मे शिशु
प्रलय और प्रसूतिव्यथा के अनुभव मे
बढ़ते रहे तेरे रुदन, न हुए शान्त ।

शान्त कुछ हो सकेगे
मान कर ऋषिवरो ने उच्चारित की ऋचा,
प्रशात, फिर भी प्रचड
प्रगट की ओमृध्वनि,
खोजना है चिरन्तन उपाय ऐसा सोच कर
गहन चिन्तन मे निमग्न हुए ।

प्रफुल्लमति व्यास ने
'यतो धर्मस्ततो जयः' का प्रबोध दिया,
सुभग धर्मधेनु को दोहनेवाले वे गोपाल बोले ऐसा ।
सिनाई नगशृ ग से शमन कुछ मृसा ने किया,
बहुत कुछ किया नझरेथ के मृदु बढई-पुत्र ने ।

किन्तु सुनती थी तू बहुत कम,
तू भूलती थी ज्यादा,
शान्ति का मार्ग न ‘कर
ढूँढती रहती अग्निकुड ।

नाखूनो से चीरता रुधिरवाहिना जूथ को,
कठोर जड़ शैल पर मूढ-सी पटकती सिर ।
और, स्वय निर्मित रम्य उपवनो को
एक क्षण मे कर देती तू स्मशानवन ।
कुछ है ऐसा पागलपन, हे सखी, तेरे ही रुधिर मे !
बिखरे केश लेकर घूमती नगे पाव ।
न मानती ककड़, न मानती कटक,
सवेग बावली चलती ।

पीछे अग्नि में उड़ता रहता अस्तव्यस्त आँचल,

पहोंची जई को ज्वलंतमुख काळ ज्वालामुखी
तणा उदरमां प्रवेश चहती रहे चितती.
अहो अशम घेलछा प्रबळ आत्महत्या तणी !
घडीघडी उरे तने घूरकी आवती शी ऊठी !

चणेल पुरम्हेल मंदिर अगाशीए ओपतां,
करेल पृथिवीपटो हरित कार्पणे सींचने,
सरोवर नदी विशाळ जलधि तणे कंठ कै
रचेल जळघाट बंदर महार्घ आवास मौ.
क्षणेक महीं भस्मसात नहिशां करे घेलडी.

धुरा फगवी तें पतित्वनी स्वशासने राचनी,
रचे प्रणय नैक, स्वैर हृदये रहे म्हालनी,
स्थलेस्थल रमी रमी नवलयौवने प्राणिना.
विदारी स्थलभोगळो कहींक खंडखंडो तणी
समुद्रकर मेळवे इतर को जलश्री थकी.
अने जलतरंग पे विविध नर्तनो मांडी न
प्रफुल्ल बनी भान थकी मस्टत एकत्वना.

वळी गगनमां ऊडी मरुतशक्तिने नाथती,
घूमी रही रमी रही नभ यदृच्छया खेलती.
स्थले, वळी जले, नभे प्रबल वायुना चक्रमां,
वधेय अति शो प्रभाव तव विस्तर्यो चोदिशे !
वध्युं ज तव व्यक्तिमत्त्व तणुं भान, थै न मुखी.

टक्युं न सुख ए सखी, हृदयमां ज जुदाई ज्यां,

पहुँच कर किसी ज्वलंतमुख काल-ज्वालामुखी के उदर मे
प्रवेश की करती कामना।
अहो! निर्बाध पागलपन प्रबल आत्महत्या का
क्षण क्षण तेरे उर मे जाग उठता है!

रचे थे पुरमहल मदिर अट्टालिकाओ से शोभित,
किये थे पृथ्वीपट हरित
हल जोतकर, जल सीचकर,
सरोवर, नदी या विशाल जलधि के किनारे पर रचे थे
जलघाट, बदरगाह, महार्घ आवास।
इन सब को क्षण मे कर भस्मसात
नही के बराबर कर देती तू पगली।

धरा फेंक दिया पतित्वका
खुश रहती स्वशासन मे,
अनेक प्रणयो मे व्याप्त स्वैर हृदय मे विहार करती।
स्थल स्थल पर खेलती रही नवयौवन-प्राणित।
तोड कर स्थलअर्गला कही खड-खड की
समुद्रकर को मिलाती किसी अन्य जलश्री मे।
और जलतरग पर विविध नर्तन कर
हुई प्रफुल्ल तू मस्त, एकत्व के ख्याल मे।

और भी, गगन मे उडो
मरुतशक्ति को वश मे करती,
घूमती रही, खेलती रही नभ मे यदृच्छया
स्थल मे, जल मे, गगन मे, प्रबल वायु के चक्र मे
सर्वत्र चहुँओर विस्तारित हुआ तेरा अति प्रभाव।
